राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–93/2024

राज्यपाल ने मई दिवस के अवसर पर सभी श्रमिक भाई–बहनों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 30 अप्रैल, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने मई दिवस (01 मई) के अवसर पर बिहार एवं देश के सभी श्रमिक भाई–बहनों को शुभकामनाएँ दी है।

उन्होंने कहा है कि राष्ट्र के निर्माण एवं विकास में श्रमिकों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उनकी मेहनत एवं ताकत से ही देश एवं राज्य का चतुर्दिक विकास संभव है। उन्होंने कहा है कि श्रमिकों के सशक्तीकरण एवं उनके अधिकारों के संरक्षण हेतु विभिन्न श्रम कानूनों तथा श्रम कल्याण की योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सतत प्रयास किये जा रहे हैं।

राज्यपाल ने सभी प्रबंधकों एवं नियोजकों से अपील की है कि वे अपने कारखानों, प्रतिष्ठानों तथा खेत–खलिहानों में काम करने वाले श्रमिकों को उचित सम्मान एवं हक दें। श्रम को सम्मान देना हमारी कार्य–संस्कृति का अंग होना चाहिए।

राज्यपाल ने मई दिवस के अवसर पर समस्त श्रमिक परिवारों के सुखमय भविष्य की कामना की है।

....